# University in News on 14 April 2025

## i-NEXT PAGE 6

# गौरवशाली इतिहास जानेंगे छात्र

### एलयू में स्टूडेंट्स के लिए कंपल्सरी हुआ राष्ट्र गौरव का पेपर



**हेल्पलाइन नंबर जारी**

ऑनलाइन एग्जाम फॉर्म भरने में किसी भी तरह की समस्या या गलती होने पर यूनिवर्सिटी की तरफ से जारी हेल्पलाइन 7897999211, 7897992064 से मदद ले सकते हैं. साथ ही आप अपनी समस्या 7897992062 पर व्हाट्सएप भी कर सकते हैं.

**LUCKNOW (13 APRIL):** लखनऊ यूनिवर्सिटी भारतीय ज्ञान एवं परंपरा को बढ़ावा देने के लिए तमाम प्रयास कर रही है. इसी क्रम में यूनिवर्सिटी ने अब सभी स्टूडेंट्स के लिए राष्ट्रगौरव परीक्षा कंपल्सरी कर दी है. यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने वाले सभी स्टूडेंट्स को ये परीक्षा पास करना जरूरी है.

**इतिहास की जानकारी देना**

जिसका मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स को देश के गौरवशाली इतिहास, नेताओं, राष्ट्र पुरुषों, हमारी परंपराओं के बारे में जानकारी देना है, ताकि छात्र अपनी संस्कृति को बेहतर तरीके से जान सकें. इसके साथ ही यूनिवर्सिटी की तरफ से निर्देश जारी किया गया है कि जिन छात्रों ने अपने कोर्स के दौरान अभी तक राष्ट्र गौरव की परीक्षा नहीं दी है या पास नहीं कर पाए हैं, वो ऑनलाइन फॉर्म भरकर एग्जाम दे सकते हैं.

**26 तक भरें समसेमेस्टर एग्जाम के फॉर्म**

समसेमेस्टर के सभी स्टूडेंट्स के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है कि वो 26 अप्रैल तक रेगुलर, बैकपेपर या इम्प्रूवमेंट एग्जाम के लिए यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अप्लाई कर दें. इसके साथ ही रेगुलर स्टूडेंट्स को एग्जाम फॉर्म के साथ कोई भी शुल्क जमा नहीं करना है बस ऑनलाइन फॉर्म भरकर, सेमेस्टर की फीस रसीद के साथ अपने डिपार्टमेंट के ऑफिस में सबमिट करना है. इसके अलावा बैकपेपर या इम्प्रूवमेंट वाले स्टूडेंट्स को एग्जाम फार्म के साथ एग्जाम फीस भी ऑनलाइन जमा करते हुए अपने डिपार्टमेंट के ऑफिस में सबमिट करना है.

# रिसर्च स्कॉलर को शोध पुरस्कार

**LUCKNOW:** एलयू में एजुकेशन डिपार्टमेंट में प्रोफेसर अर्पणा गोडबोले के मार्गदर्शन में रिसर्च कर रही स्कॉलर अर्चना पाल को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए महामना मालवीय शोध पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार महामना मालवीय मिशन नई दिल्ली द्वारा उनके महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए दिया गया है.

## JAGRAN CITY PAGE III

# शोधार्थी अर्चना पाल को महामना मालवीय शोध पुरस्कार मिला



अर्चना पाल को प्रथम महामना मालवीय शोध पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है • सौजन्य : लवि

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग की शोधार्थी अर्चना पाल को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए प्रथम महामना मालवीय शोध पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। अर्चना पाल डा. अर्पणा गोडबोले के निर्देशन में महामना मालवीय के शिक्षा दर्शन का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में विश्लेषण विषय पर शोध कर रही हैं। पुरस्कार महामना मालवीय मिशन, नई दिल्ली की ओर से दिया गया।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# अर्चना पाल महामना मालवीय शोध पुरस्कार से सम्मानित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में डॉ. अर्पणा गोडबोले के मार्गदर्शन में अर्चना पाल जोशोध कार्य कर रही हैं, को महामना पं. मदन मोहन मालवीय के शैक्षिक विचारों पर उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए प्रथम महामना मालवीय शोध पुरस्कार शनिवार को सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान महामना मालवीय मिशन, नई दिल्ली द्वारा उनके महत्वपूर्ण शोध कार्य मालवीय जी के शिक्षा दर्शन का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में विश्लेषण के लिए प्रदान किया गया, जिसने महामना के शैक्षिक दर्शन की प्रासंगिकता को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में नवीन दृष्टिकोण से उजागर किया है। प्रथम महामना मालवीय शोध पुरस्कार 2024, महामना मालवीय मिशन, नई दिल्ली की एक पहल है, जिसका उद्देश्य महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी की दृष्टि पर आधारित शोध कार्यों को मान्यता प्रदान करना है, जो अकादमिक गहनता और सामाजिक प्रभाव को प्रतिबिंबित करते हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मान न केवल लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह अन्य शोधकताओं को भी उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करता है।